तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 14 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 12 मार्च 2026

12 रैपर बादशाह को करनी होगी स्थिति स्पष्ट ...



12 गीता गोपाल संस्था के संस्थापक ने विज का ...



## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 10 लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव पलाका निवासी रजत कुमार से 10 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के जिला जालंधर के गांव जैतेवाली निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पर लगा है। रजत कुमार हरप्रीत से सोशल मीडिया के माध्यम से मिला था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रजत कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी ने विदेश भेजने का झासा देकर 10 लाख रुपये और उसके दस्तावेज ले लिए।

### गाड़ी से कीटो मास्टर शैंपू के 48 बॉक्स चोरी

**यमुनानगर।** नेशनल हाइवे 344 पर गांव औरंगाबाद के पास बने रेस्ट एरिया में खड़ी गाड़ी से चोरों ने कीटोमास्टर शैंपू के 48 बॉक्स चोरी कर लिए। जिसकी कीमत करीब एक लाख 92 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस में मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव डेड़ा खेड़ी निवासी श्रीकांत ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह कीटोमास्टर शैंपू कंपनी में काम करता है। वह हिमाचल नंबर की गाड़ी में कीटोमास्टर शैंपू के बॉक्स लोड कर सप्लाई करने के लिए लेकर जा रहा था। उसने आराम करने के लिए गाड़ी को नेशनल हाईवे 344 गांव औरंगाबाद के पास बने रेस्ट एरिया में खड़ी की थी।

### सेंधमारी करने वाले 4 सदस्य गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए शहर के कालड़ा स्टोर में छत तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 3 लाख मूल्य की कॉपर तार बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान तनुज कुमार निवासी बांस मोहल्ला, नंद कुमार निवासी महावीर पार्क, लक्की निवासी स्वामियां मोहल्ला व नितिन कुमार निवासी पीपली बाजार के तौर पर हुई। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अंबाला शहर में चोरी की दो अन्य वारदातों को भी कबूल किया है।

### बाइक समेत नाले में गिरने से प्रवासी की मौत

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 29 थाना क्षेत्र में अमन मूल निवासी उत्तर प्रदेश हाल निवासी गांव सिवाह की बाइक समेत नाले में गिरने से मौत हो गई। वहीं अमन रात को ड्यूटी खत्म कर बाइक पर सवार होकर अपने घर गांव सिवाह लौट रहा था। इधर, हुडा सेक्टर 29 पुलिस ने अमन का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

## बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह होसबाले ले रहे हैं भाग

# अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक कल से पानीपत में आरएसएस की एक साल में 5500 नई शाखाएं शुरू: सुनील

- संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम, सामाजिक चुनौतियों व संगठन विस्तार पर मंथन होगा
- देशभर के 1487 प्रतिनिधि भाग लेने समालखा पहुंचे
- शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान 10 करोड़ घरों तक पहुंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**समालखा।** आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर व उत्तर क्षेत्र के संघचालक पवन जिंदल प्रेस वार्ता करते हुए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निर्णय लेने वाली सबसे बड़ी बैठक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 13 से 15 मार्च तक समालखा स्थित माधव सृष्टि परिसर में आयोजित होगी। तीन दिन चलने वाली इस बैठक में देशभर से संघ और संघ प्रेरित संगठनों के कुल 1487 प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने माधव सृष्टि परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान उनके साथ मंच पर उत्तर क्षेत्र के संघचालक पवन जिंदल भी उपस्थित रहे। आंबेकर ने बताया कि बैठक का शुभारंभ 13 मार्च की सुबह 9 बजे सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की उपस्थिति की में होगा।

इसमें संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी, क्षेत्र-प्रांत संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक तथा संघ प्रेरित 32 संगठनों के शीर्ष पदाधिकारी भी भाग लेंगे। आंबेकर ने बताया कि इस समय देशभर में संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम चल रहे हैं। बैठक में इन कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी योजनाओं पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष में अब तक देशभर में 10 करोड़ से अधिक घरों तक गृह संपर्क अभियान के माध्यम से पहुंच बनाई जा चुकी है। अगले दिनों में शेष प्रांतों में यह अभियान आगे जारी रहेगा। बैठक में संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी। यह कार्यक्रम अगले वर्ष 20 फरवरी तक पूरे देश में चलेगा और समाज में समरसता के संदेश के साथ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी और उत्तर क्षेत्र प्रचार प्रमुख अनिल कुमार उपस्थित रहे।

### सामाजिक और सांस्कृतिक अनुभव साझा करेंगे

बैठक में देशभर से आए कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक अनुभव साझा करेंगे। इन अनुभवों के आधार पर वर्तमान सामाजिक चुनौतियों और परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

### बैठक में 32 संगठनों के पदाधिकारी भाग लेंगे

संघ प्रेरित संगठनों के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी विशेष आमंत्रित के रूप में शामिल होंगे। इनमें प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद से एडवोकेट आलोक कुमार व मिलिंद परांडे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से डॉ रघुराज किशोर व आशीष चौहान, सेविका समिति से सुश्री शांता अक्का व सुश्री ए सीता, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ आदि के राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हैं।

### हर साल 1.25 लाख लोग आरएसएस से चाहते हैं जुड़ना

आंबेकर ने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार पर भी चर्चा होगी। पिछले एक वर्ष में देशभर में 5500 से अधिक नई शाखाएं शुरू होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसके अलावा संघ से जुड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी लगातार रुचि बढ़ रही है। हर साल लगभग 1.25 लाख लोग ज्वायन आरएसएस के माध्यम से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रहे हैं।

### प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन

आंबेकर ने बताया कि शताब्दी वर्ष के दौरान संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी बड़े पैमाने पर होंगे। इस वर्ष देशभर में 97 प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। वहीं, माधव सृष्टि में प्रतिनिधियों के लिए एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

## नियमों का उल्लंघन करने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई

# यमुनानगर में 23 स्टोन क्रशरों को कारण बताओ नोटिस जारी

1. नोटिस में संचालकों से पूछा गया है कि तय पर्यावरणीय और प्रशासनिक नियमों का पालन क्यों नहीं किया
2. धूल-मिट्टी और शोर प्रदूषण से स्थानीय लोगों और पर्यावरण को नुकसान होने की आशंका जताई गई

- जांच के दौरान पाया गया कि कुछ क्रशर बिना जरूरी अनुमति या अधूरी अनुमति के चल रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** स्टोन क्रशरों का निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने स्टोन क्रशरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्टोन क्रशरों में खामिया मिली। जिस कारण 23 स्टोन क्रशरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया कि उपायुक्त प्रीति के निर्देशानुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एसडीएम छछरौली व वन मंडल अधिकारी की संयुक्त कमेटी ने एनजीटी के समक्ष लंबित मामले सुखदीप सिंह बनाम हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मामले में 24 स्टोन क्रशरों का निरीक्षण किया। जिनमें से 23 स्टोन क्रशरों को नियमों व मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इन 23 स्टोन क्रशरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उक्त समिति ने इन्हें 15 दिनों के भीतर जवाब तलब किया है अन्यथा उनके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि खनन गतिविधियों को एनजीटी के मानकों के अनुरूप क्रियान्वयित नहीं किया जाता है तो इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी। जिला प्रशासन क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने में पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है।

## 30 बच्चे सवार थे, टायर फटने से हुआ शॉर्ट सर्किट

# करनाल: स्कूल बस में धुआं उठने से मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर-6 स्थित गुरु ब्रह्मानंद चौक के पास बुधवार को एक निजी स्कूल की बस में अचानक धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई। बस में करीब 30 बच्चे सवार थे, जिन्हें चालक ने तुरंत सुरक्षित नीचे उतार दिया। जानकारी के अनुसार आरपीएस स्कूल की बस बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान बस का अगला टायर फट गया और बस से धुआं निकलने लगा। चालक सतीश कुमार ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोककर सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद बस में आग लग गई, लेकिन चालक और परिचालक ने बस में लगे अग्निशामक यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया। पुलिस के अनुसार टायर फटने के बाद शॉर्ट सर्किट होने से यह घटना हुई। बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाया गया।



**करनाल।** गुरु ब्रह्मानंद चौक के पास खड़ी स्कूल बस, जिसमें धुआं उठने के बाद आग लग गई थी।

### होमगार्ड ने लावारिस ट्रॉली बैग को मालिक तक पहुंचाया



**यमुनानगर।** लावारिस मिले ट्रॉली बैग को मालिक को सौंपते पुलिस कर्मचारी।

यमुनानगर। जिला पुलिस ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात होमगार्ड परमजीत सिंह ने ईमानदारी का परिचय पेश किया। परमजीत ने लावारिस मिले ट्रॉली बैग को उसके मालिक तक पहुंचाया। होमगार्ड परमजीत सिंह के इस कार्य से पुलिस अधीक्षक ने भी उनकी पीठ थपथपाई। होमगार्ड परमजीत सिंह आठ मार्च को सुबह छह बजे विश्वकर्मा चौक पर ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान उसे एक लावारिस ट्रॉली बैग मिला। ड्यूटी के दौरान बैग मिलने पर उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी और बैग के असली मालिक का पता लगाने का प्रयास शुरू किया गया। ट्रैफिक प्रभारी कुशलपाल द्वारा हमीदा पुलिस चौकी की टीम के साथ मिलकर बैग के मालिक की तलाश पूरी की गई। जांच के दौरान पता चला कि यह बैग कृष्णा कॉलोनी निवासी पंकज के परिवार का है। पंकज को पुलिस चौकी बुलाया गया। जहां आवश्यक पुष्टि के बाद बैग उन्हें सौंप दिया गया।

# गेहूं की फसल पर पीले रतुआ का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

जिले में दिन का तापमान 33 डिग्री के पार पहुंच गया है। इससे गेहूं का दाना सूखने का भय है। पिछले साल भी मार्च में तापमान बढने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था। इस बार भी पैदावार कम हो सकती है। पिछले तीन दिनों से लगातार बढ़ रहे पारे ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। तापमान में एकाएक बढ़ोतरी होने लगी है। गेहूं की फसल को पहले बारिश की आवश्यकता थी लेकिन धुंध ने इसका काम कर दिया। अब भी गेहूं की फसल को ठंड मौसम की आवश्यकता है, मगर मौसम ऐसे ही रहा तो गेहूं की फसल का दाना कमजोर हो जाएगा। पिछले साल भी मार्च में तेज गर्मी पडने लगी थी और गेहूं के उत्पादन में कमी आई थी।



**बराड़ा।** अलावलपुर में पीला रतुआ की वजह से पीला हुआ गेहूं।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय तथा खंड की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में गेहूं की फसल में संभावित पीले रतुआ (येलो रस्ट) रोग की स्थिति का आंकलन करने के लिए विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। वनस्पति सरंक्षक अधिकारी डॉ. मनोहर चंद व डॉ. जमूना नेगी, कृषि विकास अधिकारी विनय की टीम ने बराड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल का निरीक्षण किया और किसानों को रोग की पहचान व रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# बच्चे का अपहरण कर 1 लाख में बेचा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

थाना चांदनी बाग क्षेत्र के काला आम रोड स्थित अंबा कालोनी से सात माह के मानशुभ पुत्र संदुर मूल निवासी गांव पीपलगढ़ चौथपुर जिला अलवर राजस्थान के अपहरण के आरोपी सलमान पुत्र अलीम निवासी गांव सिद्धपुरा कासगंज व आजाद पुत्र मोहम्मद निवासी गांव अमनपुरा कासगंज उत्तर प्रदेश, दोनों हाल निवासी गांव भैंसवाल जिला पानीपत व बच्चे को खरीदने वाले मुकेश गुप्ता पुत्र चंद्रभान निवासी गांव करथला जिला एटा, उत्तर प्रदेश को सीआईए टू की टीम ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सलमान व आजाद ममेरे फुफेर भाई हैं। आरोपी आजाद करीब 20 साल से भैंसवाल गांव में रह रहा है और सलमान करीब तीन माह पहले आया था। पूछताछ में आरोपी सलमान ने पुलिस को बताया मुकेश गुप्ता के साथ उसकी काफी समय से जान पहचान है। मुकेश गुप्ता ने करीब 20 दिन पहले कहा था कि उससे 6 माह से एक साल के बीच का बच्चा चाहिए। इस काम के बदले उसको एक लाख रुपये देने का प्रलोभन दिया था। आरोपी सलमान ने ममेरे भाई आजाद को यह बात बताई और दोनों ने मिलकर अपहरण करने की साजिश रची। वहीं, बच्चे को अपहरणकर्ताओं से बचाने पर एसपी भूपेंद्र को फूल व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।



**पानीपत।** पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह को समाजसेवी सम्मानित करते हुए।

### पुलिस टीम ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने गांव शादीपुर के पास से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को लेकर शादीपुर होता हुआ जाएगा। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही रणधीर सिंह, रविंदर, नरेश, योगेश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिए समावेशी परिसर विषय पर कार्यशाला

# महिला सुरक्षा समानता विकसित समाज की आधारशिला: प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसरों वाला वातावरण समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्राचीन भारतीय समाज में नारी को उच्च स्थान प्राप्त था। उस समय महिलाओं को स्वयंवर का अधिकार था और उन्हें देवी के रूप में सम्मान दिया जाता था। नारी को शक्ति का प्रतीक माना गया है धन की देवी के रूप में लक्ष्मी, विद्या की देवी के रूप में सरस्वती और शक्ति के रूप में दुर्गा माता की पूजा की जाती रही है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत ऊंचा दर्जा दिया गया है।यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी (आईसीसी) द्वारा विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में फॉस्टरिंग इनक्लूसिव कैंपसेस फॉर वीमेनः रोल ऑफ आईसीसी विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।



**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां सोनीपत की कुलगुरु प्रो. सुदेश को फ्लॉवर पॉट भेंट करते कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

उद्घाटन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला में आईसीसी की अध्यक्षा प्रो. सुनीता सिरोहा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व कार्यक्रम की रूपरेखा व आईसीसी के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हालांकि आज के समय में समाज काफी हद तक पुरुष प्रधान बन गया है, जो एक गंभीर और चिंताजनक विषय है। इस अवसर पर प्रो. प्रीति जैन, प्रो. आशिमा गक्खर, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. निर्मला चौधरी, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, प्रो. अनिता भटनागर, डॉ. वंदना दवे सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### महिलाओं को सम्मान और अधिकार प्रदान करें

इसलिए आवश्यक है कि हम अपनी सकारात्मक परंपराओं और मूल्यों को याद करते हुए महिलाओं को समान सम्मान और अधिकार प्रदान करें। सीडीओई की निदेशक प्रो. मंजुला चौधरी, आईसीसी की अध्यक्षा प्रो. सुनीता सिरोहा, विधि विभाग की प्रो. प्रीति जैन, सामाजिक कार्य विभाग की प्रो. वनिता ढींगरा, दयाल सिंह कॉलेज करनाल की प्राचार्य प्रो. आशिमा गक्खर तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश मंच पर उपस्थित रहे।

### महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता से ही होगा देश का समग्र विकास: प्रो. सुदेश

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) की कुलगुरु प्रो. सुदेश ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज में महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण और समानता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। जब तक महिलाओं को शिक्षा, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। प्रो. सुदेश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानूनों से ही नहीं बल्कि समाज की सकारात्मक सोच, जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से सुनिश्चित की जा सकती है। शिक्षण संस्थानों, कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इसके साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी बेहद जरूरी है ताकि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठा सकें। उन्होंने कहा कि आईसीसी जैसे मंच महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## लाडवा-पिपली मार्ग पर हादसा

# खड़े ट्रक से टकराया बाइक चालक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लाडवा-पिपली मार्ग पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने से बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। युवक अपने किसी दोस्त को काम पर लाने के लिए बाइक पर उसे लेने के लिए लाडवा से सोंटी गांव की तरफ जा रहा था। घटना रात 10 और 11 मार्च की रात करीब एक बजे की है। मृतक की पहचान यमुनानगर जिले के रादौर के गांव अलीपुरा के रजत कुमार (33) के रूप में हुई है। रजत शादीशुदा था और उसके 2 बच्चे हैं। रजत हलवाई का काम करता था। रजत कुमार अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था और घर में अकेला ही कमाने वाला था। सोहन पाल निवासी बनी ने पुलिस को बयान में बताया कि उसका भांजा रजत रात को अपने दोस्त को काम पर लाने के लिए बाइक पर आ रहा था। यहां रास्ते में लाडवा-पिपली रोड पर निवारसी कॉलोनी बस अड्डे के पास ड्राइवर ने अपने ट्रक को बिना किसी चेतावनी और इंडीकेटर के खड़ा किया हुआ था। उनके पास के गांव के जितेंद्र सिंह ने उनको हादसे की सूचना दी थी। सामने से आ रहे व्हीकल की तेज लाइट के कारण बाइक सवार सड़क पर खड़े ट्रक को देख नहीं पाया और सीधे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## खबर संक्षेप


यमुनानगर। सरकारी कॉलेज में शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### ज्योतिबा फुले कालेज में नशा न करने की ली शपथ

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस व एंटी तंबाकू कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू सेवन न करने के संबंध में एक शपथ दिलवाई गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसके सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संयोजक सहायक प्रो. ऋतुनरवाल ने शपथ के माध्यम से छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाया और सभी छात्रों को अपने जीवन में तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र कुमार, प्रो. सतपाल, प्रो. संजीव गांधी, प्रो. नरेश कुमार, सहायक प्रो. कुलदीप सिंह, सहायक प्रो. दीपक, सहायक प्रो. गौरव सैनी, सहायक प्रो. मंगल सिंह, प्रो. शमा, प्रो. ऋतु बेनीवाल आदि उपस्थित रही।


यमुनानगर रादौर स्थित स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

### स्वराज शिशु निकेतन के बेबी शो में छाए नन्हे मुन्ने

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में बुधवार को बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग तीन से पांच वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यध्यापिका रेणू शंडिल्य मुख्य रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं नृत्य, कविता के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें फादर गेम विद चाइल्ड में मिस्टर रवि कुमार बेबी रवीना व मदर गेम विद चाइल्ड में बेबी, बेबी परमवीर, मदर रैंप वॉक विद चाइल्ड में मास्टर वैभव वर्मा, मोनिका वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नन्हे मुन्ने छात्रों ने अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया।

### मानसून से पहले नालों व सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

# अधिकारियों ने किया नालों का निरीक्षण जलभराव से निपटने की तैयारियां शुरू

अंडर ट्रेनी आईएएस सुमन और अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार परखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में अंडर ट्रेनी आईएएस सुमन और अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मंगलवार को नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ शहर के पुराना हमीदा, आजाद नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों में नालों और सीवरेज व्यवस्था का निरीक्षण किया और जल निकासी के प्रबंधों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को मानसून से पहले सभी नालों व सीवरेज की सफाई कराने के निर्देश दिए ताकि बरसात के दौरान शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालों में जमी गाद, कचरे और अवरोधों की जानकारी ली और संबंधित विभागों को जल्द से जल्द सफाई कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में यदि नालों और सीवरेज की समय रहते सफाई नहीं की जाती तो जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीवरेज लाइनों की स्थिति का भी जायजा लिया और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कहीं भी सीवरेज जाम की समस्या न रहे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या अधिक रहती है। वहां विशेष ध्यान देते हुए नालों की नियमित सफाई करवाई जाए। इसके अलावा नालों के किनारे जमा कचरे को भी तुरंत हटाने के निर्देश दिए गएए ताकि पानी के प्रवाह में किसी प्रकार की रुकावट न आए। मौके पर नगर निगम कार्यकारी अभियंता नरेंद्र सुहाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, नगर निगम मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल और स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन आदि मौजूद रहें।


यमुनानगर में नालों व सीवरेज व्यवस्था का जायजा लेती ट्रेनी आईएएस सुमन व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार।

#### सफाई कार्य में लापरवाही न बरतने के दिए निर्देश

अंडर ट्रेनी आईएएस सुमन ने कहा कि मानसून से पहले सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय होना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते नालों और सीवरेज की सफाई कर ली जाए तो बरसात के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी जरूरी कार्य पूरे किए जाएं।

#### सूची तैयार कर करवाएं सफाई

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी प्रमुख नालों और सीवरेज लाइनों की सूची तैयार कर उनकी प्राथमिकता के आधार पर सफाई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम की टीम लगातार निगरानी रखेगी और जहां भी समस्या सामने आएगीए उसका तुरंत समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करना है। मानसून के दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सभी विभाग मिलकर कार्य करें और समय रहते जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करें।



यमुनानगर। रादौर स्थित मुकंदलाल कॉलेज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# शून्य से शिखर तक पहुंचाने की शक्ति है शिक्षा : राणा

■ मुकंदलाल नेशनल कालेज में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर के तत्वावधान में बुधवार को 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में नेपाल राणा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को विकसित और विकासशील देशों के बीच का अंतर समझते हुए कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। समाज की समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने युवाओं को संगठित जीवनशैली अपनाने और हर कार्य को योजना के साथ करने के लिए प्रेरित किया। राणा ने विद्यार्थियों को गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को समझने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। आज के समय में बेटियों का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी संपत्ति है जिससे कोई भी बांट नहीं सकता और यह हमेशा व्यक्ति के साथ रहती है । उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को शुन्य से शिखर तक पहुंचाने की शक्ति रखती है और एक शिक्षित युवा ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओए सुपरवाइजर वंदना ने भी स्वयंसेवकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत, सीएनसीपीए बाल श्रम और बाल भिक्षावृति के प्रति भी जागरुक करते हुए इन सामाजिक समस्याओं को समाप्त करने का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने गांव में एक जागरूकता रैली भी निकाली जिसमें ग्रामीणों को स्वस्थ एवं चिकित्सा शिविर के बारे में जागरूक किया।

# ग्रैफिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बनाई प्रेरणादायक पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में बुधवार को युवा रेड क्रास सोसायटी के तत्वावधान में ग्रैफिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कॉलेज परिसर की दीवारों पर रक्तदान, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति तथा सामाजिक सेवा जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की कलात्मक अभिव्यक्तियों ने पूरे परिसर को रंगीन और प्रेरणादायक बना दिया। प्रतियोगिता के परिणामों में एआईएमएल प्रथम वर्ष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि एआईएमएल तृतीय वर्ष की टीम ने द्वितीय स्थान और एआईएमएल द्वितीय वर्ष की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा व युवा रेडक्रास के स्टेट ऑफिसर ओपी बटला ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं और उन्हें समाज के लिए सकारात्मक संदेश देने के लिए प्रेरित करती हैं।


यमुनानगर। रादौर स्थित जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक, नैतिक विकास का स्थान भी : कल्पना

■ जनता पब्लिक स्कूल में हुआ संवादात्मक सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

जनता पब्लिक स्कूल, अलाहर में बुधवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। आयोजन में कक्षा 6 से 9 के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने दीप प्रज्वलित करके किया। सत्र का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कल्पना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कल्पना ने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण मंत्र साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अभ्यास, सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली चुनौतियाँ हमें मजबूत बनाती हैं और उनसे सीखकर आगे बढना ही सफलता की कुंजी है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की पढ़ाई से जुड़ी सामान्य चुनौतियों जैसे परीक्षा का तनाव, एकाग्रता की कमी, समय प्रबंधन व साथियों के प्रभाव जैसे विषयों पर भी खुलकर चर्चा की।


यमुनानगर। जनता पब्लिक स्कूल में छात्रों को संबोधित करती मुख्यवक्ता।

#### कठिन परिस्थितियों में धैय के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी

डॉ. कल्पना ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिनाइयों से घबराने के बजाय उन्हें समझदारी और धैर्य के साथ हल करना चाहिए। डा.. कल्पना ने बताया कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं होता, बल्कि यह वह मंच है जहाँ विद्यार्थियों का बौद्धिक, भावनात्मक और नैतिक विकास होता है। विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे मार्गदर्शी सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर स्कूल एमडी रूबी कंबोज, अखिल कंबोज, हिमांशु शर्मा, संदीप कुमार, प्रिंस शर्मा, शोभा, मीनाक्षी, पूनम, निशा, मनीषा, रेनू, महक, खुशी रहे।


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

#### महिलाओं के लिए हाइजीन प्रैक्टिस पर एक्सटेंशन लेक्चर में दी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जानकारी

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में छात्राओं और महिलाओं के लिए हाइजीन प्रैक्टिस पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मनप्रीत कौर सोढ़ी उपस्थित हुई। डॉ. सोढ़ी ने लड़कियों व महिलाओं को हाइजीन बनाए रखने के टिप्स दिए। उन्होंने उन हेल्थ रिस्क फैक्टर्स पर भी जोर दिया जिनके बारे में सही हाइजीन न रखने पर पता होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में हेल्दी आदतें अपनाने पर बल दिया। प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि हेल्थ और हाइजीन पर अवेयरनेस प्रोग्राम छात्राओं और महिलाओं को एम्पावर करने और उन्हें हेल्दी और कॉन्फिडेंट जिंदगी जीने में मदद करने के लिए जरूरी हैं। जमना ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड की अध्यक्ष सीएसआर संयम मराठा ने छात्राओं के बीच हेल्थ अवेयरनेस और वेलबीइंग को बढ़ावा देने वाले कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी इनिशिएटिव के महत्व पर जोर दिया। मौके पर डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. कैथरीन मसीह, डॉ. नीना पूरी, डॉ. पायल लांबा, प्रो. सीमा रानी, प्रो. मनीषा राणा, प्रो. नेहाय, प्रो. शालिनी भारद्वाज और प्रो. पूजा राणा मौजूद रहे।

# रादौर में 21 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा उप जिला सचिवालय, प्रशासन की तैयारी शुरू

■ चार एकड़ से ज्यादा भूमि पर बनने वाले उप जिला सचिवालय का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

रादौर में 21 करोड़ रुपये की लागत से उप जिला सचिवालय बनाया जाएगा। चार एकड़ से ज्यादा की भूमि पर बनने वाले इस उप जिला सचिवालय का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। उप जिला सचिवालय दो वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा।

पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई विशाल सिंगला ने बताया कि उप जिला सचिवालय में एसडीएम, डीएसपी, तहसीलदार, बीडीपीओ कार्यालय होंगे। वहीं पार्किंग की परिसर में बेहतर व्यवस्था होगी। उप जिला सचिवालय में कार्यरत होने वाले अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा दिए जाने को लेकर जिले के उच्चाधिकारियों द्वारा सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। जिसकी मंजूरी मिलते ही अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास भी बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लगभग 11 वर्ष पहले रादौर को उपमंडल का दर्जा मिला था। उपमंडल का दर्जा मिलने के बावजूद रादौर में सरकार की ओर से उप जिला सचिवालय का निर्माण नहीं करवाया गया था। जिससे लोगों में भारी रोष था। उप मंडल बनने के बावजूद रादौर में एसडीएम, डीएसपी, बीडीपीओ, तहसीलदार के अलग अलग कार्यालयों में कार्य चल रहा था। जिससे लोगों को अपने काम करवाने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब तहसील परिसर में उप जिला सचिवालय बनने का कार्य शुरू हो चुका है। लगभग दो वर्ष बाद शहर व क्षेत्र के लोगों को उप जिला सचिवालय की सुविधा मिल सकेगी। जिससे क्षेत्र के लोगों को सभी अधिकारी एक ही जगह मिल सकेंगे।


यमुनानगर के रादौर तहसील में उप जिला सचिवालय को लेकर शुरू हुआ कार्य

# युवक ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

■ मदो महिलाओं पर भी आरोपी युवक का साथ देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर की एक कालोनी निवासी 25 वर्षीय युवती ने युवक पर उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि इस काम में दो महिलाओं ने भी आरोपी को साथ दिया। पुलिस ने आरोपी युवक व दो महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी 25 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी अभिषेक नामक युवक के साथ जान पहचान थी। आरोपी अक्सर उससे फोन पर बात करता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। जिस कारण उसे अभिषेक पर विश्वास हो गया। अभिषेक ने 25 नवंबर 2025 को उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए आई तो आरोपी उसे शहर के मुकंद लाल कॉलेज के सामने एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया और इस बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि इस काम में अभिषेक के साथ पूजा व रजनी भी मिली हुई थी। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# बच्चों के हाइजीन को ध्यान में रखते हुए इनर व्हील क्लब ने भेंट की वेंडिंग मशीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

इनर व्हील क्लब के सदस्यों द्वारा बालकुंज छछरौली की लड़कियों को 600 सैनेटरी नेपकिन और वेंडिंग मशीन उपायुक्त कार्यालय में भेंट की। समिति के सदस्यों ने बताया कि बालकुंज छछरौली के बच्चों के लिए हाइजीन को ध्यान में रखते हुए वेंडिंग मशीन उपलब्ध कराई गई है। क्लब के सदस्य स्वीटी आनंद ने बताया कि इनर व्हील क्लब समाज में अपना सहयोग कर रहा है इसी कड़ी के तहत बाल देखरेख संस्थान में आश्रित बच्चों के लिए एक सामाजिक सहयोग का प्रयास किया गया है। मशीन इंस्टॉल होने के बाद हेल्थ हाइजीन को लेकर एक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, इनर व्हील क्लब के सदस्य स्वीटी आनंद, समीरा, शशि गुप्ता, पारूल खन्ना, ईशा ठकराल, इंदू कपूर उपस्थित रहे।



यमुनानगर। उपायुक्त कार्यालय में वेंडिंग मशीन भेंट करते क्लब के सदस्य।

### जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विश्व प्लंबिंग दिवस मनाया

# विश्व प्लंबिंग दिवस पर पानी बचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सब डिवीजन नंबर दो कार्यालय परिसर में बुधवार को विश्व प्लंबिंग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

मौके पर पानी को व्यर्थ बहने से बचाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर जिला सलाहकार रजनी गोयल, जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार, बीआरसी अशोक कुमार तथा यमुनानगर क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी प्लंबर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार ने की। जिला सलाहकार रजनी गोयल ने कहा कि 11 मार्च को दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अच्छी प्लंबिंग व्यवस्था और उसके महत्व को उजागर किया जाता है।


यमुनानगर। विश्व प्लंबिंग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं प्लंबरस। फोटो : हरिभूमि

#### स्वास्थ्य की रक्षा में प्लंबिंग की अहम भूमिका

रजनी गोयल ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा में प्लंबिंग की अहम भूमिका है और इसी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व प्लंबिंग दिवस मनाया जाता है। जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार ने भी प्लंबरों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी वे लीकेज ठीक करने जाएं तो कार्य की जियो टैग फोटो अवश्य लें ताकि काम का सही रिकॉर्ड रखा जा सके। उन्होंने बताया कि कई बार नलों और पाइपलाइन में लीकेज के कारण बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाता है। जिससे लोगों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए पानी की बर्बादी रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्लंबरों ने भी पानी को व्यर्थ बहने से बचाने का संकल्प लिया और काम की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर जोर दिया। गोयल ने प्लंबरों से कहा कि जब भी वे किसी उपभोक्ता के यहां लीकेज ठीक करने जाएं तो उनसे बातचीत कर समस्या और उसके समाधान के बारे में विस्तार से बताएं ताकि उपभोक्ताओं के साथ विश्वास का संबंध मजबूत हो सके।

**खबर संक्षेप**

## कृषि में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन कल

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वुमैन इन स्टेम फोरम द्वारा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन के सहयोग से 13 मार्च 2026 को हम्मलिकाओं में हेपेटाइटिस के संदर्भ में स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन सीनेट हॉल में प्रातः 10.45 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के साथ ही साइंस कार्निवल पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विज्ञान गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा होंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिला न्यायालय में हेल्प डेस्क लगाया गया। इस हेल्प डेस्क पर पीएलवी पूनम द्वारा आम जनता को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इसके लाभ बताए गए।

### ईरान-अमेरिका युद्ध का असर : कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई पर रोक

# बुकिंग करवाने के कई दिन बाद भी घरों तक नहीं पहुंच रहा सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध का असर अब गैस सप्लाई पर दिखाई देने लागा है। ऑयल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई पर रोक लगा दी है। इसका सीधी असर होटल, रेस्टोरेंट आदि पर दिखाई देने लगा है। ऑयल कंपनियों के इस फैसले से मैरिज गार्डन भी प्रभावित हुए है। कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने से पूरे शहर में इसी तरह की समस्या खड़ी हो गई है। सिलेंडर की आपूर्ति न होने से खोमचे, ठेलों से लेकर रेस्टोरेंट-होटलों तक संकट गहराने लगा है। जिनके पास अभी स्टाक है, वे तो काम चला रहे है, जहां एलपीजी समाप्त हो गई है वे असमंजस में है कि आखिर प्रतिष्ठानों का संचालन कैसे किया जाए। इसके पहले ऑयल कंपनियों ने घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी का समय भी बढ़ाकर 25 दिन कर दिया था, जिससे गैस सिलेंडर की सप्लाई का सामान्य रखा जा सका और लोग अनावश्यक रूप से गैस की रिफिल कराकर न रखें। उधर एलपीजी को लेकर ग्राहकों की परेशानी बढ़ने लगी है। ग्राहक एलपीजी की बुकिंग तो करा रहे हैं लेकिन कई दिन बाद भी उनके घर तक सिलिंडर नहीं पहुंच रहा है। वही कई उपभोक्ता ऐसे भी है जिनको ऑनलाइन बुकिंग में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कॉल कनेक्ट नही हो पा रहा है। वहीं एलपीजी एजेंसियों का कहना है कि पर्याप्त संख्या में सिलिंडर उपलब्ध है। ग्राहक संयम बरते, अफवाहों पर ध्यान न दें।


कुरुक्षेत्र। सिलेंडरों से भरी गाड़ी।

**ग्राहकों की परेशानी बढ़ने लगी, संचालक बोले, पर्याप्त संख्या में सिलेंडर उपलब्ध**

### देरी से आ रहा डिलिवरी ऑथेंटिकेशन कोड

एजेंसी पर गैस कॉपी के साथ बुकिंग कराने पर मोबाइल पर डिलिवरी ऑथेंटिकेशन कोड आता है, लेकिन अब यह कोड या तो आ नहीं रहा या कई घंटे बाद आता है। इस कारण गैस सिलिंडर नहीं दिए जा रहे। गैस एजेंसियों पर लोगों को एक सिलेंडर बुकिंग करवाने के लिए एक-एक घंटा इंतजार करना पड़ रहा है। इसके चलते लोगों को परेशानी हो रही है। रेलवे रोड पर कुरुक्षेत्र गैस इंटरप्राइजेज के बुकिंग सेंटर पर पहुंचे उपभोक्ता ऋषभ गुलाटी ने बताया कि 6 मार्च को सिलेंडर बुक करवाया था लेकिन अभी तक सिलेंडर घर नही पहुंचा है। ऐसे ही उपभोक्ता राजकुमार कौशिक ने बताया कि उन्होंने 4 मार्च को ऑनलाइन सिलेंडर बुक करवाया था लेकिन अभी तक सिलेंडर घर नही पहुंचा है।

### सिलेंडरों की मांग बढ़ी

अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर पेट्रोलियम पदार्थों पर पड़ने लगा है। कंपनियों ने सात मार्च को एलपीजी की कीमतों में वृद्धि कर दी है। घरेलू एलपीजी सिलिंडर 60 रुपये तथा कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा हो गया है। सिलेंडर महंगा होने के साथ ही इनकी बुकिंग करने की अवधि को भी 15 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। इसको देखते हुए सिलिंडरों की मांग भी बढ़ गई है। कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने के बाद घरेलू सिलिंडरों की कमी की अफवाह भी फैलने लगी है। ऐसी स्थिति में ग्राहक अतिरिक्त सिलेंडरों की बुकिंग करा रहे हैं। गैस वितरण एजेंसियों में 25 दिन से पहले बुकिंग भी नहीं हो रही है। अगर एलपीजी की खपत की बात की जाए तो जिले में सामान्य दिनों में प्रतिदिन 2000 कामर्शियल सिलेंडर तथा 40 हजार से अधिक घरेलू सिलेंडरों की मांग होती है।

### घरेलू गैस की सप्लाई बिल्कुल सामान्य : विकास गोयल

*गोयल गैस एजेंसी के संचालक विकास गोयल ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस की सप्लाई बिल्कुल सामान्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से सख्त निर्देश हैं कि किसी भी कस्टमर को गैस मिलने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। विकास गोयल ने लोगों से अपील की है कि वे पैनिक न फैलाएं और अनावश्यक रूप से सिलेंडर जमा न करें। नियम के अनुसार, अब 25 दिन बाद ही अगला सिलेंडर बुक हो पाएगा, ताकि हर किसी को समय पर गैस मिल सके। कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई में फिलहाल कुछ बाधाएं जरूर हैं क्योंकि पीछे से ही माल कम आ रहा है।*

## जागरूकता का संदेश देगी भारत यात्रा : राजकुमार

**14 को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंचेगी यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा देशभर में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित उपभोक्ता जागरूकता भारत यात्रा का भव्य आगमन 14 मार्च को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में होगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में उपभोक्ता जागरूकता को समर्पित एक विशेष स्वागत एवं अभिनंदन समारोह तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह यात्रा सीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनन्त शर्मा के नेतृत्व में पूरे देश में संचालित की जा रही है जिसका उद्देश्य लोगों को उपभोक्ता अधिकारों, उत्पादों की गुणवत्ता, उपभोक्ता सुरक्षा तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है। यह यात्रा 24 दिसंबर को जयपुर से प्रारंभ हुई थी और देश के विभिन्न राज्यों से होते हुए 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में संपन्न होगी। इससे पूर्व 14 मार्च को हरियाणा में प्रवेश करने पर अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## व्यक्ति इस संसार से केवल अपना कर्म लेकर जाता है, इसलिए अच्छे कर्म करो : अनिल शास्त्री

कुरुक्षेत्र। श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में सेक्टर-8 में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया सो बीत गया। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि भागवत प्रश्न से प्रारंभ होती है और पहला ही प्रश्न है कि कलयुग के प्राणी का कल्याण कैसे होगा। इसमें सतयुग, त्रेता और द्वापर युग की चर्चा ही नहीं की गई है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि बार-बार यही चर्चा क्यों की जाती है, अन्य किसी की क्यों नहीं। इसके कई कारण हैं जैसे अल्प आयु, भाग्यहीन और रोगी। इसलिए इस संसार में जो भगवान का भजन न कर सके, वह सबसे बड़ा भाग्यहीन है। भगवान इस धरती पर बार-बार इसलिए आते हैं ताकि हम कलयुग में उनकी कथाओं में आनंद ले सकें और कथाओं के माध्यम से अपना चित्त शुद्ध कर सकें। व्यक्ति इस संसार से केवल अपना कर्म लेकर जाता है। इसलिए अच्छे कर्म करो।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र




उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसको सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित रूप से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेंगे, अगर किसी स्तर पर भी सैम्पल फेल आता है तो सम्बन्धित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इतना ही नहीं विद्यार्थियों को स्कूलों में दिए जाने वाले मिड डे मिल के सैम्पल भी नियमित रूप से लिए जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति(खाद्य सुरक्षा) की पहली बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार फरवरी 2025 में खाद्य सुरक्षा विषय को जहन में रखते हुए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय सलाहकार समितियों का गठन किया गया है। इस बैठक में नागरिकों को अच्छी गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ मिले। इस विषय को सुनिश्चित करना है, इसके साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट करने या नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी है।



## सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पैंसरी एवं संगीत कला केंद्र का छठा स्थापना दिवस मनाया

कुरुक्षेत्र। सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पैंसरी एवं संगीत कला केंद्र, महावीर सत्संग सभा शीला नगर के स्टाफ सदस्यों ने बुधवार को केक काटकर डिस्पेंसरी व संगीत कला केंद्र का 6वां स्थापना दिवस मनाया। डिस्पेंसरी के मैंबर एचसी मुंजाल ने बताया कि सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी निरंतर मरीजों की सेवा में तत्पर है। डिस्पेंसरी के छह वर्ष पूरे होने पर सभी स्टाफ और मेंबर बधाई के पात्र हैं। 11 मार्च 2020 को डिस्पेंसरी का शुभारंभ ट्रस्ट के संचालक सजन जी ने अपने कर कमलों से किया था। डिस्पेंसरी लगातार प्रगति कर रही है। छह सालों में लाखों मरीज डिस्पेंसरी का लाभ उठा चुके है। शीला नगर में ट्रस्ट की दूसरी डिस्पेंसरी है। एक डिस्पेंसरी कच्चा घेर में वर्ष 2003 से चल रही है। सदस्य जितेंद्र अरोड़ा व सतीश कुमार ने बताया कि यहां पर नेत्र रोग विशेषज्ञ, जनरल ओपीडी, दंत रोग विशेषज्ञ व फिजियोथैरिपी आदि की सुविधा उपलब्ध है। डिस्पैंसरी में मरीजों को पंजीकरण के लिए मात्र 20 रुपये का शुल्क लिया जाता है। इसके अलावा लैब में सभी टेस्ट बाजार से आधे दाम में किए जाते है।

## ब्रह्मसरोवर महाआरती में आस्था का अनुपम संगम : प्रितपाल मरजरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

विदेशों में कई वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बावजूद प्रितपाल मरजरा का मन सदैव कुरुक्षेत्र की पावन धरती से जुड़ा रहा है। वे मानते हैं कि श्रीमद्भगवद्गीता का दिव्य संदेश मनुष्य को जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में सत्य, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इसी गहन आस्था और भारतीय संस्कारों के प्रति समर्पण के भाव से उन्होंने अपनी धर्मपत्नी अनु मरजरा के साथ पवित्र ब्रह्मसरोवर की संध्याकालीन महाआरती में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सहभागिता की। अपने जन्मदिवस के पावन अवसर को भी उन्होंने सेवा, श्रद्धा और आध्यात्मिक आस्था से जोड़ते हुए अत्यंत सादगी और भक्ति भाव के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजय शर्मा, पंडित बलराम गौतम, पं. गोपाल गौतम, पं. अनिल, रूद्र गौतम, राहुल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने प्रितपाल



मरजरा को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके सेवा भाव, आध्यात्मिक श्रद्धा और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। संध्याकालीन ब्रह्मसरोवर महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उपस्थित श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि कुरुक्षेत्र के कण-कण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अनुभव होता है और इस पावन स्थल पर आरती में सम्मिलित होना अपने आप में परम सौभाग्य का विषय है।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय स्तर की इंटैक हेरिटेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र तथा भारतीय कला एवं सांस्कृतिक निधि के कुरुक्षेत्र चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। इस अवसर पर भारतीय कला एवं सांस्कृतिक निधि के कुरुक्षेत्र चैप्टर के संयोजक प्रोफेसर ए. आर. चौधरी मुख्य अतिथि थे। चौधरी ने इस अवसर पर बताया कि कला एवं संस्कृति की धरोहर किसी भी देश के भूतकाल की परिचायक होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की महान वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी धरोहर को भी जानना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय कला एवं सांस्कृतिक निधि तथा कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र का कार्य इस दिशा में सराहनीय है। इस अवसर पर भारतीय कला एवं सांस्कृतिक निधि के कुरुक्षेत्र चैप्टर के संयोजक प्रोफेसर ए. आर. चौधरी तथा कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र कुमार दास भी उपस्थित रहे।



## विकसित भारत के निर्माण में हरियाणा की रहेगी विशेष भूमिका : सुभाष कलसाना

शाहबाद। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की पंचायत अढोनी में भाजपा नेता सुभाष कलसाना का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अतुल सैनी और पवन कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें गांव के सरपंच परमजीत सहित अनेक गणमान्य लोग और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुभाष कलसाना के साथ रघुबीर सैनी और रविन्द्र सांगवान ठोल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजकों अतुल सैनी और पवन कुमार ने आये हुए अतिथियों का अभिनंदन पुष्प मालाओं के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान गांव के सरपंच ने गांव से संबंधित विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर एक मांग पत्र सुभाष कलसाना को सौंपा और इन मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। ग्राम पंचायत ने गांव के स्वर्ग आश्रम में शैड निर्माण, पेयजल सप्लाई के लिए पाईप लाईन सहित अन्य कई मांगे रखी। मांग पत्र स्वीकार करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की पंचायते विकास के रूप में सशक्त हुई हैं और गांव अढोनी की सभी मांगों को पूरा करवाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में क्रिकेट खिलाड़ियों ने सुभाष कलसाना से मुलाकात करके क्रिकेट किट की मांग रखी।

## 5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

**पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा पिहोवा के कुरुक्षेत्र पिहोवा रोड पर स्थित लगभग 5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने पिहोवा के पिहोवा के कुरुक्षेत्र पिहोवा रोड पर स्थित लगभग 5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा पिहोवा के कुरुक्षेत्र पिहोवा रोड पर स्थित लगभग 5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे।



## 23.66 लाख रुपये की लागत से बनने वली सड़क के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हलका में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीन गुणा गति के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस हलका के गांव और शहरों में सबका साथ सबका विकास नीति को आधार मानकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। शहर के विकास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट की कोई कमी नहीं रख रहे। आए दिन शहर में एक के बाद एक विकास कार्यों के उद्दघाटन व शिलान्यास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ले जाने के देरी हैं, वहां से परियोजना को मंजूरी साथ के साथ मिल रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को नगर परिषद की तरफ से द्रोणाचार्य स्टेडियम के पास आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कोर्ट काम्पलैक्स के गेट से बैडमिंटन हॉल तक 23.66 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडक के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सैक्टर 13 और आस पास के क्षेत्र में सडकों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस शहर की सभी प्रमुख सडकों का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाए अगर किसी स्तर पर भी कोई कमी पाई गई तो सरकार की तरफ से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मलकीत ढाड़ा, सतीश कुमार गर्ग, राजेन्द्र जुनेजा, राजेश कुमार ईओ, धमेन्द्र अत्री व पंकज बजाज मौजूद रहे।



## पीएनबी आरसेटी कुरुक्षेत्र में महिला दिवस एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित

कुरुक्षेत्र। पंजाब नेशनल बैंक के डीडीएम ऋतु वर्मा ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास का होना अत्यंत आवश्यक है। पीएनबी आरसेटी जैसे संस्थान महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), कुरुक्षेत्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला टेलर, कृषि उद्यमी एवं असिस्टेंट बुक कीपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीडीएम ऋतु वर्मा कुरुक्षेत्र उपस्थित रहीं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों में मलकीत सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक, कुरुक्षेत्र, ज्योति, वरिष्ठ प्रबंधक, पीएनबी मंडल कार्यालय, नीतू राय, डीडीए, कृषि विभाग, सरपंच कुमारी मीना, गांव ठसका मीरांजी तथा मीना वधवा, हरियाणा महिला वित्त विकास निगम शामिल रहे। जिला अग्रणी प्रबंधक मलकीत सिंह ने नवोदित उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके भावी व्यवसाय में सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि प्रत्येक कार्य को छोटे स्तर से शुरू कर निरंतर परिश्रम से आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रशिक्षणार्थियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण की आवश्यकता हो तो पंजाब नेशनल बैंक सदैव सहयोग के लिए तत्पर है।



**कार्यक्रम** | जगदीश सिंह झीडा, कार सेवा वाले संत महापुरुषों और मेंबर साहिबान ने लगाया टप्पा

# हरियाणा कमेटी के मुख्य दफ्तर का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का मुख्य दफ्तर अब गुरद्वारा साहिब पातशाही पहली में तैयार होगा। जिसका नींव पत्थर बुधवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, बाबा बचन सिंह, बाबा जोगा सिंह, बाबा महिंदर सिंह और संस्था के महासचिव अंग्रेज सिंह रानियां, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति मेंबर जत्थेदार करनैल सिंह निम्नाबाद, कुलदीप सिंह मुल्तानी, पलविंदर सिंह, मैंबर इंद्रजीत सिंह, गुरनाम सिंह लाडी डबरी, कुलदीप सिंह फग्गू, बलविंदर सिंह खालसा ने टप्पा लगाया और भवन का शिलान्यास किया।


हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मुख्य दफ्तर का टप्पा लगाते जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, संत महापुरुष और मैंबर साहिबान। 11केयूके04

### गुरु चरणों में की अरदास

इससे पहले सभी ने गुरु चरणों में अरदास की। अरदास से पहले सभी ने संगत के साथ मिलकर शब्द कीर्तन से श्रवण किया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मुख्य दफ्तर जत्थेदार करतार सिंह जब्बर भवन का शिलान्यास करने के उपरांत प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि धन धन श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र चरण स्पर्श प्राप्त अस्थान गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली के परिसर में संस्था का मुख्य दफ्तर बनेगा, जो कि बहुत ही सौभाग्य शाली बात है। इसी अस्थान से गुरु साहिब ने लोगों को अंध विश्वास से दूर रहने का संदेश दिया था। उन्होंने बताया कि हरियाणा कमेटी का मुख्य दफ्तर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा कमेटी का मुख्य दफ्तर अन्य संस्थाओं के कार्यालय से हटकर होगा। उन्होंने बताया कि मुख्य दफ्तर के भवन पर करोड़ों रुपए खर्च होंगे और यहां हर प्रकार की सुविधा हो मुहैया करवाई जाएगी।

### संत महापुरुषों से अपील

जत्थेदार झीडा ने बताया कि उन्होंने कार सेवा वाले संत महापुरुषों से अपील की है कि यह मुख्य दफ्तर 6 महीने में बनाया जाए। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के एडिशनल सेक्रेटरी पी ए सतपाल सिंह डाचर, धर्म प्रचार के उप सचिव अमरिंदर सिंह, धर्म प्रचार इंचार्ज प्रगट सिंह, गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के मैनेजर हरमीत सिंह, यात्रा और आई टी विंग के प्रभारी हरकीरत सिंह समेत संगत मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान

**अंबाला।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य एजेंडा दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा और राजमार्गों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकना रहा। पुलिस अधीक्षक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क हादसों में होने वाली अधिकांश मौतों का मुख्य कारण 'हेड इंजरी' (सिर में चोट) है। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और अन्य मुख्य मार्गों पर हेलमेट न पहनने वाले चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं।

### ट्रेड डील के खिलाफ किसानों ने जताया रोष

**शहजादपुर।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने ट्रेड डील को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (ट्रेड डील) के विरोध में था। ब्लॉक प्रधान गुरजीत सिंह संतोखी के नेतृत्व में किसानों ने कड़ासन से शहजादपुर अनाज मंडी तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। इस दौरान ट्रैक्टरों के साथ किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मंडी पहुंचकर व्यापार समझौते की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट किया। अंबाला छावनी में इसी तरह से ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। किसान नेताओं ने कहा कि इस समझौते से भारतीय खेती बर्बाद हो जाएगी। डील के तहत अमेरिका के कृषि उत्पाद और डेयरी आइटम भारत में जीरो टैरिफ पर बिकेंगे, जबकि भारत के उत्पादों पर वहां 18 प्रतिशत टैक्स लगेगा। ब्लॉक प्रधान गुरजीत सिंह ने चेतावनी दी कि इसके विरोध में तहसील स्तर पर प्रदर्शन जारी रहेंगे और 23 मार्च को पिपली में होने वाले बड़े कार्यक्रम में निर्णायक फैसला लिया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक उपप्रधान बिट्टू, जॉनी, हरनेक, संदीप, परमेश्वर लाल, मनजीत, अश्विनी, विक्रम, सुरेंद्र, प्रिंस, विक्रम राणा, राम सिंह, कृष्ण, राजवीर, गुरमुख और सुरमुख सहित भारी संख्या में किसान इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

### स्लोगन लेखन में छात्र ऋतिकेश ने मारी बाजी

**शहजादपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. रेनू कुमारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मारकंडा नेशनल कॉलेज, शाहाबाद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय के छात्र ऋतिकेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### स्कूलों के बच्चों ने किया आईटीआई का भ्रमण

**शहजादपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारापुर में करियर मार्गदर्शन एवं कौशल विकास की जानकारी देने के उद्देश्य से हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यक्रम ट्विनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुर तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय रसीदपुर के कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय की ओर से आए प्रतिनिधियों सुनील कुमार , विकास तथा कर्म सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने संस्थान के विभिन्न व्यवसायों का अवलोकन किया। इस दौरान संस्थान के वर्ग अनुदेशक इंचार्ज महेश चंद एवं वर्ग अनुदेशक राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को स्किल इंडिया मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा आईटीआई में उपलब्ध प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से अवगत कराया।

### कार सवारों ने हमला कर नकदी, चैन छीनी

**जींद।** गांव बुडायन से कोथ रोड पर बीती रात कार सवार कुछ युवकों ने बाइक सवार दो युवकों पर हमला कर घायल कर दिया। हमलावर घायल युवको से नगदी तथा चांदी की चैन भी छीन कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## राज्य महिला आयोग चेयरपर्सन ने महिलाओं से जुड़ी 22 शिकायतों पर की सुनवाई

# रैपर बादशाह को करनी होगी स्थिति स्पष्ट वरना प्रदेश में नहीं होने दिया जाएगा शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने बुधवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत महिलाओं की समस्याओं को सुनने का काम किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर एसडीएम दर्शन कुमार व अन्य ने स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उत्तम, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, आयोग से पूजा लोधी, प्रोटेक्शन ऑफिसर अरविंद्रजीत कौर, महिला एवं बाल विकास से जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर, डीएसपी सूरज चावला, डीएसपी रजत गुलिया व अन्य भी मौजूद रहे। चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत एंजेडें में रखी 22 शिकायतों को दोनों पक्षों के सामने विस्तारपूर्वक सुनते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते रेणू भाटिया ने कहा कि नेशनल कमीशन के आदेशानुसार हरियाणा राज्य महिला आयोग अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत जन सुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से शिकायतें सुन रहा है। यहां पर अंबाला और यमुनानगर से संबंधित 22 शिकायते सुनी गई हैं जिनमें से 4 शिकायतों के लिए आयोग द्वारा तिथि दी गई है। अन्य शिकायतों को यहां से डिस्पोज करते को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ-साथ यहां पर अन्य महिलाओं ने भी आकर शिकायत दी हैं जिन्हें संबंधित विभागों को मार्क करते हुए उनका निपटान किया जाएगा। इस मौके पर आयोग से पूजा लोधी, एडवोकेट प्रीति सहगल, एडवोकेट मोहिनी शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेंद कुमार, जिला कल्याण अधिकारी शिशपाल मैहला के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**अंबाला।** महिलाओं की शिकायतें सुनती महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया। फोटो : हरिभूमि

### अभद्र टिप्पणी की निंदा

भाटिया ने बताया कि आयोग द्वारा दो-दो जिलो में जन सुनवाई के तहत महिलाओं की शिकायतें सुन रहे हैं और आयोग का पूरा प्रयास है कि जो भी शिकायतें यहां पर आएंगी उनका तीव्रता से समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार व उनके शादी के बाद अलग होने से मामले की शिकायतें आयोग के पास पहुंची थी। उन्हें यहां पर सुनने का काम किया गया है। अनुसंधान अधिकारी द्वारा जो कार्रवाई की गई है उसकी भी यहां पर समीक्षा की है। कहा कि गायक बादशाह ने बेटियों पर जो अभद्र टिप्पणी की है उसकी आयोग घोर निंदा करता है। यह देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश है जहां पर बेटी बचाओ -बेटी पढाओ के अभियान की शुरूआत हुई थी।

### 13 मार्च को पानीपत में पेश होने के निर्देश

कहा कि सिंगर बादशाह ने बेटियों के उपर जो गल्त टिप्पणी की है उसके लिए उसे 13 मार्च का सम्मन देते पानीपत में पेश होने के निर्देश दिए गए हैं। यदि वह पेश नहीं होता तो नियमानुसार जो कार्रवाई होती है उसे करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर यह भी कहा कि जब तक गायक बादशाह अपनी इस विषय को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं करता तब तक आयोग का पूरा प्रयास रहेगा कि प्रदेश में उसका कोई भी शो न हो। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि यदि कोई भी गायक कितना ही बड़ा क्यों न हो, यदि वह बेटियों के प्रति ऐसी घटिया मानसिकता रखता हो, उसके शो का बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग का पूरा प्रयास रहता है कि जो भी शिकायत उनके यहां पर पहुंचती है उसका सभी तथ्यों को सुनने के बाद तीव्रता से समाधान हो।

# शादी-विवाह व क्रिया के लिए किराये पर मिलेगी धर्मशाला



**अंबाला।** नगर परिषद ऑफिस का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

- 1100 से लेकर 5100 रुपये तक होगी वसूली, बिजली का बिल व नुकसान होने पर अलग से करना होगा भुगतान, सदन की मीटिंग में आया था प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शादी-विवाह व क्रिया के लिए फ्री में मिलने वाले सामुदायिक केंद्र व धर्मशालाओं को नगर परिषद किराये पर देगी। इसकी वजह से अब जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ पडेगा। नप की ओर से सामुदायिक केंद्रों व धर्मशालाओं को कार्यक्रम पर देने की एवज में 1100 से लेकर 5100 रुपये की वसूली की जाएगी। नगर परिषद के पास अभी 32 सामुदायिक केंद्र व धर्मशालाएं हैं। अधिकरियों की मानें तो किराया तय होने से लोग बिना किसी परेशानी के निजी कार्यक्रम कर पाएंगे। छावनी में बने सामुदायिक केंद्रों व धर्मशालाओं के समुचित रख-रखाव के लिए 5 मार्च को हाउस की बैठक में मंत्रणा हुई थी। इस दौरान नप सदस्यों ने सुझाव दिए। इन सुझावों के आधार पर सामुदायिक केंद्रों व धर्मशालाओं का न्यूनतम किराया 1100 रुपये और अधिकतम किराया 5100 रुपये रखने पर मंथन हुआ। इस दौरान यह भी बताया कि न्यूनतम किराया भोग व क्रिया आदि के लिए होगा और शादी सहित अन्य समारोह के लिए 5100 रुपये लिए जाएंगे। इसके अलावा किराए पर लेने वाले व्यक्ति से बिजली का बिल अलग से लिया जाएगा और अगर कोई टूट-फूट होती है तो रिपेयर का खर्च भी वसूला जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक वार्ड-एक में दो धर्मशालाएं और एक चौपाल है। इसमें राजूपत-ब्राह्मण धर्मशाला, बोह धर्मशाला और कलरेहड़ी गांव की चौपाल शामिल है। नगर परिषद क कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने बताया कि हाउस की बैठक में सामुदायिक केंद्रों व धर्मशालाओं के किराए पर मंथन हुआ था। इस दौरान 1100 रुपये से 5100 रुपये निर्धारित करने की बात सदस्यों ने कही थी।

# सचिव के सुस्त रवैये पर भड़के लाभार्थी

- प्रधान को सौंपा ज्ञापन, 8 माह से फाइलें लंबित होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

लाल डोरा मुक्त योजना के तहत जमीनों की रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे लाभार्थियों का धैर्य अब टूटने लगा है। नगर पालिका सचिव के सुस्त रवैये से नाराज लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर रोष जताया और अपनी मांगों को लेकर नगर पालिका प्रधान को ज्ञापन सौंपा। लाभार्थियों का आरोप है कि पूर्व में तैनात सचिव के कार्यकाल में इस योजना पर तेजी से काम हुआ था। कई पात्र लोगों को स्वामित्व पत्र भी दिए गए थे लेकिन नए सचिव मोहित सैनी के पदभार संभालने के बाद से लाल डोरा रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने करीब 7–8 महीने पहले ही सभी जरूरी दस्तावेज नगर पालिका कार्यालय में जमा करवा दिए थे लेकिन इसके बावजूद उनकी फाइलें आगे नहीं बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा। लाभार्थियों का यह भी आरोप है कि जब भी वे सचिव से मिलने का प्रयास करते हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। बुधवार को भी सचिव कार्यालय में मौजूद नहीं मिले, जिसके चलते ग्रामीणों को अपनी शिकायत नगर पालिका प्रधान को सौंपनी पड़ी। लोगों ने कहा कि उन्होंने योजना के तहत सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली है।


**बराड़ा।** चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### जल्द समाधान का भरोसा


नगर पालिका प्रधान रजत मलिक ने लाभार्थियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे ताकि लाल डोरा रजिस्ट्री से जुड़ी लंबित प्रक्रिया को जल्द शुरू कर पात्र लोगों को उनकी जमीनों का मालिकाना हक दिलाया जा सके।

# 27 विद्यार्थियों को जूते वितरित किए

- खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा मुख्य अतिथि पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

रोटरी क्लब की ओर से सामाजिक सेवा की भावना के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय पोंटी में अध्ययनरत जरूरतमंद 27 छात्रों को जुराबें व जूते वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी आवश्यक जरूरतों को पूरा करना था। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज के संस्थान और संगठन शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करते हैं तो बच्चों का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि क्लब समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।


**बराड़ा।** बच्चों को जुराबें व जूते वितरित करते क्लब सदस्य।

# ध्यान योग कार्यक्रम में 125 को नाद दीक्षा का दिया आशीर्वाद

- समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में समर्थगुरु धाम में विशेष सिद्धार्थ ध्यान योग कार्यक्रम में 125 लोगों को नाद दीक्षा का आशीर्वाद दिया। सभी साधकों ने दिव्य उत्सव मनाया। समर्थगुरू धारा के केंद्रीय संयोजक आचार्य दर्शन, हरियाणा के कोऑर्डिनेटर आचार्य सुभाष, डेस्टिनेशन प्रोग्राम के संयोजक आचार्य गगन, जम्मू कश्मीर के संयोजक आचार्य शिवम, वरिष्ठ आचार्य वृंदावन, आचार्य चेतन, आचार्य कुलदीप, आचार्य अमरेश झा, आचार्य दलशेर, स्वामी सुशील, सचिव मां मीराबाई सहित सभी साधकों ने उमंग उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर सहयोग किया। समर्थगुरू धारा की पंजाब टीम ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समर्थगुरु धाम, मुरथल, हरियाणा आश्रम में बहुत सुंदर धार्मिक और भक्तिमय आध्यात्मिक वातावरण है।


समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया।

# अंबाला: तेल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक, कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

- जिला खाद्य एवं औषधि उत्पाद नियंत्रक बोले-अफवाहों पर ध्यान न दे जनता, उपभोक्ता को ही मिलेगी सिलेंडर की डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला खाद्य एवं औषधि उत्पाद नियंत्रक ने बताया कि जिले में 152 पेट्रोल पंप तथा 26 गैस एजेंसियां हैं। इनके पास लगभग 3,30,000 घरेलू गैस उपभोक्ता दर्ज है। प्रतिदिन पेट्रोल की लगभग 276.00 तथा डीजल की 374.65 किलोलीटर खपत है। सभी पेट्रोल पंपों पर आगामी 5 से 6 दिनों के लिए पेट्रोल/डीजल तथा सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा सभी तेल वितरक कंपनियों को आदेश दिए हैं कि वह केवल घरेलू गैस उपभोक्ता को ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी करना सुनिश्चित करें। व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति आगामी आदेशों तक बंद करने की हिदायते जारी की गई है। घरेलू गैस सिलेंडर की जमाखोरी को रोकने के लिए तेल कंपनियों ने गैस डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नए गैस सिलेंडर की बुकिंग स्वीकार की जा रही है।

### गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर कड़ी निगरानी रखें

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियत्रंक सख्त आदेश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र के अधीनस्थ पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियों पर पेट्रोल/डीजल व घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर कड़ी निगरानी रखें। जिसके कारण उक्त पदार्थों की कालाबजारी / जमाखोरी न हो। तेल व घरेलू गैस सिलेंडरों का सुचारू वितरण बाधित न हो तथा पदार्थों की ओवर प्राइसिंग न की जाए और बिना बुकिंग व बिना कनेक्शन के किसी भी उपभोक्ता को सिलेंडर की आपूर्ति न की जाए। जिला के सभी पंप मालिकों व गैस एजेंसियों के वितरकों को चेतावनी जारी करते हुए उक्त आदेशों की उल्लघंना करने पर उनके खिलाफ असेंनशियल कमोडिटि एक्ट 1955 के तहत कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही गई है।



### ऊर्जा मंत्री का जाना हालचाल

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के अंबला छावनी स्थित आवास पर गीता गोपाल संस्था के संस्थापक राकेश मोहन शर्मा (लक्की भैया ) व संस्था के अन्य सदस्यों ने पहुंच उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान सभी ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज जल्द स्वस्थ होने के लिए एक साथ प्रार्थना की। मंत्री अनिल विज के भाई राजिंद्र विज, आशीष अग्रवाल, प्रवेश शर्मा, अनिल बहल सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं बुधवार को मंत्री अनिल विज के निवास पर इंद्री से विधायक राम कुमार कश्यप, यमुनानगर से विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया के अलावा कई राजनेताओं व पार्टी और विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## पांचवें स्मृति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# दादी हृदयमोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित की

*दादी के नक्शे कदम पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि:बीके शैली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी उर्फ दादी गुलजार को उनके पांचवें स्मृति दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। राजयोगिनी बीके शैली दीदी जी ने बताया जिनके जीवन में लेकिन शब्द की कोई जगह नहीं थी। उन्होंने सदा मुस्कुराकर सिर्फ विश्व की सभी आत्माओं के कल्याण के बारे में सोचा, ऐसी दादी के नक्शे कदम पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि देना होगा। दादी गुलजार ने छोटी सी उम्र में ही खुद को परमात्मा के हवाले कर दिया था। अपने नाम को पूरा सार्थक किया है वे जहां भी जाती थीं वहां गुल खिलते थे। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस व सेमिनारों में लाखों लोगों को जीवन में सुख और शांति लाने का तरीका बताने वाली दादी संस्था में कई विभाग को हेड करती थीं। दादी हृदयमोहिनी 46 हजार बहनों की मार्गदर्शक और अभिभावक भी थीं। कहा जाता है कि महिला के रूप में दादी ने संस्था को ऊंचाईयों के शिखर पर ले जाने में बड़ा योगदान दिया। जिंदगी को सहज और रूहानी तरीके से जीने का फलसफा देने वाली, चेहरे पर सदा मीठी मुस्कान और आंखों में परमात्मा के प्यार की चमक रखने वाली थी दादी हृदय मोहिनी । 9 साल की उम्र में आध्यात्मिकता को अपने जीवन में उतारना और परमात्मा को पहचानने की अनुभूति करना, ये आसान नहीं था। राजयोगिनी बीके सुमन दीदी ने कविता की प्रस्तुति और बीके सुनील, बीके अग्रवाल भाई ने गीत के द्वारा दादी जी को श्रद्धांजलि दी।


दादी हृदय मोहिनी की फाइल फोटो।

# प्रिंदे फिल्मस ने म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा इदां किदां बाई का अनाउंसमेंट टीजर किया जारी

- रवनीत और नाइक्रा मुख्य भूमिकाओं में, टीजर में दोनों किरदारों की शानदार केमिस्ट्री और प्यार, अहंकार व किस्मत से जुड़ी कहानी की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहाली




प्रिंदे फिल्मस ने अपनी आने वाली पंजाबी रोमांटिक ड्रामा फिल्म "इदां किदां बाई" का अनाउंसमेंट टीज़र मोहाली में आयोजित एक खास प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लॉन्च किया। इस मौके पर मीडिया को फिल्म की पहली झलक एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाई गई। यह टीजर सिर्फ फिल्म के ऐलान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें फिल्म के मुख्य किरदारों और उनके रिश्ते की भावनात्मक झलक भी दिखाई गई है। इसी टीज़र के जरिए फिल्म का टाइटल "इदां किदां बाई" भी सामने आया और कहानी के मुख्य संघर्ष की हल्की झलक भी देखने को मिलती है। फिल्म में रवनीत और नाइक्रा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म एक नई और भावनाओं से भरपूर प्रेम कहानी लेकर आ रही है, जो प्यार, अहंकार और किस्मत के बीच के रिश्ते को दिखाती है। पंजाब की खूबसूरत पृष्ठभूमि में बनी यह कहानी युवा प्रेम की मासूमियत, जुदाई के दर्द और अपने सच्चे प्यार को फिर से पाने की हिम्मत को दर्शाती है। अनाउंसमेंट टीज़र में दर्शकों को जग्गा और रावी नाम के दो किरदारों से मिलवाया गया है। इन दोनों की कहानी बचपन की यादों, भावनात्मक टकराव और जिंदगी के बड़े फैसलों के बीच आगे बढ़ती है।